Bachelor of Performing Arts (BPA-II) (Semester—IV) Examination

HINDI

(Compulsory Languages)

समय : तीन घंटे] [पूर्णांक : 80

1. (अ) दीर्घोत्तरी प्रश्न :

पठित कहानी 'दुख अपना अपना' से यह सीख मिलती है कि मनुष्य जीवन बहुमूल्य है, उसे यूं हीं नष्ट नहीं करना चाहिए। लिखिए। 8

अथवा

रामदरश मिश्र की 'कर्ज' कहानी में शोषक एवं शोषित वर्ग को चित्रित किया गया है। स्पष्ट कीजिए।

(आ) लघूत्तरी प्रश्न (किन्हीं **दो** का उत्तर लिखिये) :— 2×4=8

(1) बसव द्वारा प्रतिपादित बिजली-सा विप्लव को स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सच्चे सपूत' कहानी के प्रमुख पात्र ठाकुर गजेन्द्र सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(3) सभ्यता और संस्कृति परस्परावलंबी है। लिखिए।

(4) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी में महानगरीय जीवन पर व्यंग्य किया गया है। स्पष्ट कीजिए।

2. किन्हीं **दो** कविताओं का केंद्रीय भाव लिखिये :— 8×2=16

(1) रसखान के दोहे

(2) राखी की चुनौती

(3) चंद्रसेन विराट की गज़ल

(4) हरा-भरा है देश।

3. व्यावहारिक भाषा और हिन्दी :— 8

(अ) महानगरपालिका, नागपुर के कर विभाग में लेखा-अधिकारी के पद हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

महाराष्ट्र शासन मान्यता प्राप्त सामान्य ज्ञान की पुस्तक का आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

(ब) महाविद्यालय परिसर में 2 अक्टूबर को किये गये स्वच्छता अभियान हेतु वृत्तांत लेखन तैयार कीजिए। 8

अथवा

महाविद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का वृत्तांत लेखन तैयार कीजिए।

4. सामान्य भाषायी ज्ञान :—

(I) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के हिन्दी पदनाम लिखिये :— 2

(1) रजिस्ट्रार

(2) चान्सलर

(3) जज

(4) लॉयर

(II) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अर्थ लिखिए :— 2

(1) Act

(2) Bond

(3) Confidential

(4) Custom

(III) निम्नलिखित में से किन्ही दो रिक्त स्थानों पर समूहार्थक शब्द लिखिए :— 2

(1) चाभियों का ______ ।

(2) फूलों का ______ ।

(3) भेड़ों का ______ ।

(4) द्वीपों का ______ ।

(IV) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ध्वन्यात्मक शब्द लिखिये :— 2

(1) बिल्ली की आवाज।

(2) शेर की आवाज़।

(3) मेघ की आवाज़।

(4) चूड़ियों की आवाज।

(V) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के सम्मानसूचक शब्द लिखिए :— 2

(1) सभी पुल्लिंग नामों से पूर्व लगाया जाने वाला सम्मानसूचक शब्द।

(2) स्त्रियों के नाम से पूर्व लगाया जाने वाला सम्मानसूचक शब्द

(3) महात्माओं के लिए सम्मानसूचक शब्द।

(4) अपने से बड़ों के लिए सम्मानसूचक शब्द।

(VI) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :— 2

(1) अत्याधिक वर्षा।

(2) जिसके आने की तिथि न हो।

(3) जो हो चुका है।

(4) जो तुरंत नष्ट हो जाय।

(VII) दिए गये निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए (कोई दो) :— 2

(1) वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य बनाइये)

(2) मालिक आया और घोड़ा हिनहिनाने लगा। (सरल वाक्य बनाइये)

(3) यह निश्चित नहीं है कि वह कब आएगा ? (सरल वाक्य बनाइये)

(4) कड़ी मेहनत के बावजूद वह सफल न हो सका। (संयुक्त वाक्य बनाइये)

(VIII) हिन्दी और मराठी में प्रयुक्त समान शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई दो) :— 2

(1) पीठ

(2) खत

(3) चारा

(4) खाना

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ एवं अतिलघूत्तरी प्रश्नों के सटीक उत्तर लिखिये :— 16

(1) ठाकुर गजेन्द्र सिंह को ________ बेटियाँ थी। (तीन, चार, पाँच)

(2) नागार्जुन का मूल नाम लिखिए।

(3) 'अनुभव मंटप' की स्थापना किसने की ?

(4) संस्कृति सभ्यता की अपेक्षा ________ चीज होती है। (महीन, कठोर, सख्त)

(5) चन्द्रसेन विराट का जन्म 3 दिसंबर में हुआ था। (1935, 1936, 1937)

(6) निम्नलिखित समूहार्थक शब्दों में से एक गलत शब्द निकालिए जो समूहार्थक नहीं है :—

(1) प्रकाशपुंज (2) तारापुंज (3) लुंजपुंज

(7) भीखू अपने विवाह के लिए ठाकुर से ____________ रु. उधार लेता है।

(दो सौ, तीन सौ, चार सौ)

(8) दुख अपना अपना की लड़की आत्महत्या क्यों करना चाहती है ?

(क्योंकि उसे घर से निकाल दिया था, वह बदसूरत थी, उसके प्रेमी ने उसे ठुकरा दिया था)

(9) धूमिल की पाठ्यक्रम में निहित कविता का नाम लिखिए।

(10) कमलेश्वर किसकी मृत्यु का समाचार पेपर में पढ़ते हैं ?

(11) रसखान की काव्यभाषा लिखिए।

(12) अनेक शब्द के लिए एक शब्द का प्रयोग करने से समय तथा श्रम की बचत होती है एवं भाषा में चुस्ती आती है। (कथन सत्य/असत्य है)

(13) प्रयोगवादी काव्य का प्रवर्त्तक किसे कहा जाता है ? (मैथिलीशरण गुप्त, अज्ञेय, बच्चन)

(14) विज्ञापनों को प्रसारित करने वाला श्राव्य माध्यम है ___________।

(समाचार पत्र, रेडियो, पोस्टर)

(15) 'झांसी की रानी' किसकी कविता है ?

(16) रसखान की समाधि कहाँ है ? (महाबन (मथुरा), पिहानी, काशी)